## खबर संक्षेप

### निजीकरण के विरोध में डाक कर्मी बांधेंगे काली पट्टी

**उमरियापान।** भारतीय डाक विभाग के निजीकरण के विरोध में भारतीय डाक कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। आंदोलन के तहत 20 से 27 जुलाई तक संभाग के सभी डाकघरों में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। संगठन के संभागीय सचिव शिवनारायण प्यासी ने बताया कि विभाग में निजीकरण की प्रक्रिया और कर्मचारियों पर बढ़ते वित्तीय लक्ष्य (टारगेट) के दबाव को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि ग्रामीण डाक सेवकों और विभागीय कर्मचारियों को अपने वेतन से राशि जमा कर खाते खुलवाकर लक्ष्य पूरा करना पड़ रहा है, जो अनुचित है। निजीकरण को लेकर उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में 28 जुलाई को भोजनावकाश के दौरान मंडलीय कार्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 5 अगस्त को प्रदेशभर में एक दिवसीय हड़ताल होगी। यदि इसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। संगठन ने सरकार से निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

### जिले में अब तक 208.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 18 जुलाई तक कुल 208.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 604.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 767.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 383.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 233.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 284.9 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 90.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 151.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 157.6 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 225.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 383.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 141.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### एक्सीलेंस स्कूल में छात्रों को सायकिल वितरित



**बड़वारा।** शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में शनिवार को विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य ,जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष राम सेवक दुबे के विशिष्ट आतिथ्य,मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता एवं भूतपूर्व सैनिक संतोष दुबे एवं प्राचार्य चंदन सिंह की अध्यक्षता में कक्षा नवमी के पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### बाइक की टक्कर लगने से दो व्यक्ति हुये घायल

**कटनी।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कूड़न के पास कजरवारा मोड़ पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से दो व्यक्ति घायल हो गये। जबलपुर के हनुमानताल निवासी वकार आलम की शिकायत पर पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक MP-20-MZ-2320 के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।आरोपी चालक ने मोड़ पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अनिल गौंड़ और निशांत मौर्य को टक्कर मारकर घायल कर दिया। बहोरीबंद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### शासकीय कन्या शिक्षा परिसर का मामला, छात्राओं को अस्पताल में कराया भर्ती

# छात्रावास की कई छात्राओं सहित शिक्षक की बिगड़ी तबीयत, फूड प्वाइजनिंग की आशंका, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत सरस्वाही स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब छात्रावास में रहने वाली सात छात्राओं सहित एक शिक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। छात्राओं को पेट दर्द, चक्कर, घबराहट और सीने में दर्द की शिकायत होने लगी, जिसके बाद छात्रावास प्रबंधन ने तत्काल सभी को शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सभी का उपचार जारी है, जबकि एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार छात्राओं ने सुबह छात्रावास में नियमित रूप से नाश्ता किया था। इसके बाद दोपहर करीब 1 से 1:30 बजे के बीच एक-एक कर कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होती देख छात्रावास प्रबंधन ने तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया।





### इनकी हालत हुई खराब

अस्पताल में भर्ती छात्राओं में पुष्पांजलि (16 वर्ष), खुशबू (16 वर्ष), शबनम (11 वर्ष), पायल सिंह (14 वर्ष), खुशबू (15 वर्ष), प्रांजल (14 वर्ष) और दिव्या (14 वर्ष) शामिल हैं। आधा दर्जन से अधिक अन्य छात्राएं तथा एक शिक्षक भी प्रभावित बताए जा रहे हैं। इनमें से एक छात्रा को सांस लेने में तकलीफ होने पर जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है, जबकि अन्य छात्राओं का उपचार चिकित्सकों की निगरानी में जारी है।

### फूड प्वाइजनिंग की आशंका

शासकीय जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राजीव द्विवेदी ने बताया कि छात्राओं को फूड पॉइजनिंग की आशंका के चलते अस्पताल लाया गया है। प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर निगरानी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि छात्रावास में पिछले तीन दिनों से गंदा पानी आने की जानकारी भी सामने आई है। ऐसे में दूषित पानी के कारण यह स्थिति उत्पन्न होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### जांच रिपोर्ट से होगा स्पष्ट

सूत्रों की माने तो छात्रावास में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित थी। लगातार बिजली नहीं रहने के कारण छात्राओं को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा, जिससे कई छात्राओं में डिहाइड्रेशन निर्जलीकरण की स्थिति बनने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि बीमारी का वास्तविक कारण चिकित्सकीय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### प्रशासन ने शुरू की जांच

घटना के बाद स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्रावास में भोजन और पेयजल की गुणवत्ता के साथ-साथ बिजली व्यवस्था की भी जांच की जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल सभी छात्राओं का जिला अस्पताल में उपचार जारी है और चिकित्सकों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। प्रशासन ने भी स्थिति पर नजर बनाए रखी है।



# छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले तीन मनचलों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान पुलिस ने नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। घटना में प्रयुक्त टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त कर ली है। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को थाना उमरियापान क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा का तीन युवकों ने मोटरसाइकिल से पीछा कर उसके साथ छेड़छाड़ की थी। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीछा करने, छेड़छाड़ और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साजन वासुदेव (20), सचिन वासुदेव (26) और विशाल वासुदेव (21), निवासी सलैया फाटक, थाना स्लीमनाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों द्वारा घटना में इस्तेमाल की गई टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया।थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भरत सिंह मार्को, सहायक उपनिरीक्षक कोदूलाल दहिया, प्रधान आरक्षक आशीष मेहरा, आरक्षक सत्येंद्र, रोहित, नीलेश तथा महिला आरक्षक दुर्गा शुक्ला की भूमिका रही।

### प्रशिक्षण के लिए 23 जुलाई को सिंगरौली रवाना होंगे

# रोजगार शिविर में 270 युवाओं ने कराया पंजीयन, 102 का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला रोजगार कार्यालय कटनी के मार्गदर्शन में शनिवार को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में एसआईएस लिमिटेड, सिंगरौली के सहयोग से रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, जीटीओ और सीटीआई सहित विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई।

रोजगार शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 270 युवाओं ने पंजीयन कराया। जिसके उपरांत लिखित परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया के बाद 102 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया।



चयनित युवाओं को मौके पर ही ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किए गए जिससे उनके चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया।

जिला रोजगार अधिकारी सुश्री सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि चयनित सभी अभ्यर्थी 23 जुलाई 2026 को प्रशिक्षण के लिए सिंगरौली रवाना होंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें एसआईएस लिमिटेड में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने युवाओं से रोजगार शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की अपील की।

### इनका रहा सहयोग

रोजगार शिविर के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय के रोजगार शिविर प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, एनआरएलएम की टीम तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विजयराघवगढ़ के प्राचार्य रमन सिंह मरावी का योगदान रहा।

### सुगम आवागमन की राह में रोड़ा अटकाने पर कार्यवाही



शहर के नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के बाजार क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों के किनारे के अनधिकृत अतिक्रमण हटाकर नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े किए गए वाहनों को व्यवस्थित किया गया तथा सड़क पर अतिक्रमण कर रहे ठेला एवं हाथ ठेला संचालक को हटाकर मार्ग को सुचारू रूप से चालू कराया गया। इसके साथ ही मुख्य बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे बैठकर आवागमन को बाधित कर व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थल हॉकर्स जोन से ही व्यवसाय करने हेतु भेजा गया। इस कार्यवाही का उद्देश्य यातायात को बाधारहित बनाना एवं आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना रहा।

# ₹कोई घर ना छूटे₹ 20 से 31 जुलाई तक जिले में चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में ₹कोई घर ना छूटे₹ शौचालय निर्माण के लिए 20 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शौचालय विहीन पात्र परिवारों का चिन्हांकन और शौचालय निर्माण में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति समय सीमा में कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

सुश्री कौर ने कहा है कि विशेष अभियान के दौरान अधिक से अधिक शौचालय विहीन पात्र परिवारों को प्रोत्साहन राशि भुगतान किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026-27 स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)-फेज 2 का अंतिम वर्ष है।

### रणनीति तैयार करने निर्देश

जिलों से प्राप्त कार्य योजना के अनुसार प्रदेश स्तर पर लगभग 2 लाख शौचालय विहीन अधिक से अधिक पात्र परिवारों को लाभान्वित कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला पंचायत सीईओ ने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान के दौरान दैनिक प्रगति की समीक्षा एवं लक्ष्य हासिल करने हेतु आवश्यक रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### पीएम आवास योजना वाले हितग्राही भी होंगे लाभान्वित

सुश्री कौर ने बताया कि अभियान के प्रारंभ में ग्राम सभाओं, स्वच्छाग्रहियों और ग्राम पंचायतों की सहायता से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रगतिरत एवं वर्ष 2025- 26 में स्वीकृत हितग्राहियों में से शौचालय विहीन परिवारों की पात्रता परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

राज्य स्वच्छ भारत मिशन के निर्देशों के अनुसार हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन दर्ज कराए जाएंगे एवं पात्रता परीक्षण के उपरांत प्रोत्साहन राशि का भुगतान आदि की कार्यवाही होगी।

### छतों से बारिश का पानी सड़क पर गिरने से रोकने ननि करेगा भवनों की पहचान

**कटनी।** नगर पालिक निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने वर्षा ऋतु के दौरान भवनों की छतों से वर्षा जल की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण तथा उक्त वर्षा जल सीधे सार्वजनिक सड़कों पर गिरने से शासकीय सड़कों को होने वाले नुकसान को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि छतों का वर्षा जल सीधे सड़क पर गिरने से सड़क की सतह क्षतिग्रस्त होती है, जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचने के साथ ही नागरिकों के आवागमन में भी कठिनाई उत्पन्न होती है। निगमायुक्त ने अधिकारियों को सभी वार्डों का भ्रमण कर ऐसे भवनों की पहचान करने तथा संबंधित भवन स्वामियों से संपर्क स्थापित कर वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भवनों की पाइप लाइन इस प्रकार व्यवस्थित किया जाए कि वर्षा जल सीधे सड़क पर न गिरे, बल्कि परिसर के भीतर रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोख्ता गड्ढे अथवा अन्य उपयुक्त जल निकासी व्यवस्था से जोड़ा जाए। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे शासकीय संपत्ति के संरक्षण एवं जल संरक्षण की भावना को ध्यान में रखते हुए अपने भवनों की वर्षा जल निकासी व्यवस्था को व्यवस्थित करें। इससे एक ओर सार्वजनिक सड़कों की गुणवत्ता एवं आयु सुरक्षित रहेगी।

# जेसीबी से नाला की दिशा बदलने का प्रयास, पुलिस ने रूकवाया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत पुरैनी क्षेत्र में प्राकृतिक नाले की दिशा को बदलने का प्रयास किया जा रहा था। जेसीबी मशीन बुलाकर धड़ल्ले से नाले का खनन भी शुरू कर दिया गया। जब स्थानीय नागरिकों और सजग लोगों को इस बात की भनक लगी, तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर इस मनमानी का विरोध किया। लोगों ने जब भू-कारोबारी से नाले की खुदाई या उसकी दिशा बदलने से जुड़े सरकारी नक्शे, अनुमति और राजस्व दस्तावेज मांगे, तो संबंधित पक्ष कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका। बताया जा रहा है कि निजी जमीन की आड़ में इस सार्वजनिक और प्राकृतिक नाले के अस्तित्व से खिलवाड़ किया जा रहा था।

मामला बिगड़ता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस सहायता नंबर 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कुठला थाने की पुलिस टीम बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से चल रहे खुदाई कार्य और जेसीबी को रुकवाया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने भू-कारोबारी को हिदायत दी है कि जब तक राजस्व विभाग के पटवारी को बुलाकर उक्त भूमि का आधिकारिक सीमांकन (नाप-जोख) नहीं हो जाता, तब तक नाले के आसपास किसी भी तरह का काम आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।



### भौगोलिक केंद्र बिंदु का जीर्णोद्धार कराने मुख्यमंत्री से की गई मांग

# उमरियापान में स्वास्थ्य केंद्र व सांदीपनी विद्यालय निर्माण शुरू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

स्लीमनाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उमरियापान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने पत्र सौंपकर उमरियापान में स्वीकृत नवीन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सांदीपनी शासकीय विद्यालय के भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की।मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने बताया कि उमरियापान के लिए नवीन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सांदीपनी शासकीय विद्यालय स्वीकृत हैं, लेकिन अब तक दोनों भवनों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे क्षेत्र के लोगों को अपेक्षित सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।बता दें कि स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनने से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, वहीं सांदीपनी विद्यालय के भवन निर्माण से विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।इस मौके पर मंडल प्रभारी सुरेश राय, महामंत्री अंकित झारिया, पूर्व नगराध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, कार्यालय मंत्री दिनेश गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी अखिलेश नामदेव, यश चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

करौंदी स्थित देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु की बदहाली को लेकर उठी मांग अब मुख्यमंत्री तक पहुंच गई है। स्लीमनाबाद प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उमरियापान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने पत्र सौंपकर राष्ट्रीय धरोहर के संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। मंडल अध्यक्ष ने पत्र में बताया कि करौंदी स्थित भारत का भौगोलिक केंद्र बिंदु लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है। यहां बना स्मारक, चबूतरा और अन्य संरचनाएं जर्जर होती जा रही हैं। परिसर में सुरक्षा, नियमित रखरखाव और आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिससे राष्ट्रीय महत्व की यह धरोहर अपनी पहचान खोती जा रही है।गौरतलब है कि हरिभूमि ने 14 जुलाई के अंक में ' उपेक्षा का शिकार देश का केन्द्र बिन्दु बदहाल' शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित कर इस मुद्दे को उठाया था। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्लीमनाबाद आगमन पर मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने उन्हें पत्र सौंपकर केंद्र बिंदु के संरक्षण और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग की।

### ताकि देश के भौगोलिक केन्द्र बिंदू को मिले गरिमा अनुरूप पहचान

मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि करौंदी स्थित इस राष्ट्रीय धरोहर का शीघ्र जीर्णोद्धार कराया जाए, आवश्यक मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएं तथा इसे पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु को उसकी गरिमा के अनुरूप पहचान मिल सके।

# गांजा तस्कर महिलाओं को 10 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गांजा तस्करी के मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने तीन महिलाओं को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा नहीं करने पर प्रत्येक दोषी को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार 29 सितंबर 2024 को बड़वारा पुलिस ने गश्त के दौरान टोला स्टेशन रोड पर तीन महिलाओं को संदिग्ध अवस्था में देखा। महिला पुलिस की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 65 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने जगराही पारधी निवासी महुआखेड़ा शाहनगर पन्ना, खड्डी पारधी निवासी हरदुआ और बिन्नी पारधी निवासी महुआखेड़ा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद चालान न्यायालय में पेश किया।



मामले की सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक के के पांडेय ने साक्ष्य और दस्तावेज प्रस्तुत किए। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विशेष एनडीपीएस न्यायालय ने तीनों महिलाओं को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

खबर संक्षेप

## मेहलवारा निर्माण कार्यों में अनियमितता का आरोप

**पथरिया।** जनपद पंचायत पथरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहलवारा में पिछले 2-3 वर्षों में हुए विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं का आरोप लगा है। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि 15वें वित्त आयोग, गौण खनिज, सांसद-विधायक निधि और मनरेगा के तहत कराए गए सभी निर्माण कार्यों की किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से बारीकी से जांच कराई जाए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता और खर्च की गई राशि का सच सामने आ सके। गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्यों की शिकायत के साथ ही यह मांग भी जोर पकड़ रही है कि वर्तमान पंचायत सचिव को उनके गृह पंचायत (मेहलवारा) के अतिरिक्त प्रभार से तत्काल हटाया जाए।

## स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज निर्माण का दिया संदेश

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आह्वान ₹नशा से है दूरी, जरूरी 2.0₹ अभियान के अंतर्गत, पुलिस विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में शक्ति फाउंडेशन एवं समग्र कल्याण समिति द्वारा आज विकासखंड दमोह की शासकीय माध्यमिक शाला लक्ष्मण कुटी में ₹नशा से है दूरी, ज़रूरी 2.0₹ नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए जीवनभर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया बच्चों के माध्यम से नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर दमोह देहात से प्रधान आरक्षक मुकेश, आरक्षक जितेंद्र पटेल, शक्ति फाउंडेशन दमोह के अध्यक्ष आकाश शक्ति पटेल, समाजसेवी सुरेश राठौड़,बृजेश सेन, शिक्षक उत्तम पटेल की उपस्थिति व छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### हटा में 1953 किसानों ने कराया पंजीयन

# मूंग खरीदी पर संकट गहराया 18 दिन में एक दाना नहीं खरीदा

**मंडी में इस समय मूंग के दाम समर्थन मूल्य से काफी कम चल रहे हैं। ऐसे में किसानों को प्रति क्विंटल हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। खरीदी शुरू हुए करीब 18 दिन बीत जाने के बाद भी एक दाना मूंग नहीं खरीदे जाने से किसान नाराज हैं और अब आंदोलन को तेज करने के संकेत मिल रहे हैं। हटा विकासखंड में सिर्फ एक खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी हटा में बनाया गया है जो फिलहाल सूना पड़ा हैं। जहां पर कृषि विभाग एवं संबंधित खरीदी किए जाने वाली समिति द्वारा कोई तैयारी भी नहीं की गई है जबकि प्रशासन द्वारा कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं, जिससे किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह सरकार द्वारा तय की गई खरीदी शुरू नहीं की जा रही है, जिसे किसान नुकसानदायक मान रहे हैं।

दरअसल, सरकार ने प्रति एकड़ केवल 1.25 क्विंटल मूंग खरीदी की सीमा निर्धारित की है, जबकि किसानों का कहना है कि सामान्य उत्पादन 3 से 5 क्विंटल प्रति एकड़ तक होता है। ऐसे में अधिकांश उपज उन्हें बाजार में कम कीमत पर बेचनी पड़ेगी। किसानों का कहना है कि इतनी कम मात्रा में खरीदी करना सिर्फ औपचारिकता है, इससे उन्हें कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा।

### मंडी में औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी

खरीदी केंद्र तक फसल ले जाने का खर्च भी किसानों के लिए भारी साबित हो रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली का किराया निकालना

मुश्किल हो रहा है, जिससे किसान समर्थन मूल्य पर सीमित मात्रा बेचने के बजाय सीधे मंडियों में व्यापारियों को फसल बेचने को मजबूर हैं। मंडी में इस समय मूंग के दाम समर्थन मूल्य से काफी कम चल रहे हैं। ऐसे में किसानों को प्रति क्विंटल हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि सरकार पूरी उपज खरीदे तो उन्हें उचित मूल्य मिल सकता है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में वे घाटे में जा रहे हैं। हटा विकासखंड में मूंग बेचने के लिए 1953 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है, जबकि 198 किसानों ने स्लॉट बुक किये है। हटा में इस बार मूंग बेचने के लिए 1953 किसानों 4383 हेक्टेयर के लिए पंजीयन कराया है। लेकिन लंबे समय तक समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू नहीं होने से किसान उपज को मंडी में बेच रहे थे, जहां किसानों को पांच से छह हजार रूपये प्रति क्विंटल मूंग बेचना पड़ रहा है। लेकिन अब सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में मूंग-उड़द खरीदी शुरू नहीं करने पर किसानों में आक्रोश दिखाई दे रहा है।

### 10 अगस्त तक चलेगी खरीदी

1 जुलाई से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी 10 अगस्त तक चलेगी लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद खरीदी चालू नहीं की गई और आप इतने कम समय में पंजीकृत किसान समर्थन मूल्य में अपनी फसल कैसे बेच पाएंगे। क्या सरकार द्वारा निर्धारित किए गए समय को बढ़ाया जाएगा। हालांकि किसानों ने मूंग की उपज बेचने के लिए पंजीयन करवा लिया है। किसान स्लॉट भी बुक करा रहे है। जिन किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। जिससे किसान अब अपनी मूंग उड़द की फसल बेचने के लिए इंतजार कर रहे हैं। वही संबंध में समर्थन मूल्य पर निर्धारित की गई संख्या सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक दिनेश दुबे से बात की तो उनका कहना था कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभी तक खरीदी के लिए गोदाम निर्धारित नहीं की गई है जिससे खरीदी शुरू नहीं की गई।

### सरकार को चेतावनी, चुनाव में दिखेगा असर

हटा में प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य खरीदी शुरू नहीं किए जाने पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खरीदी शुरू नहीं की गई और 100 प्रतिशत खरीदी का निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और उग्र होगा। वहीं क्षेत्र के किसानों का कहना है कि उनकी अनदेखी का असर आने वाले चुनावों में भी दिखाई देगा।

# ई-अटेंडेंस के बावजूद नहीं थम रही लापरवाही, कुछ शिक्षक उपस्थिति दर्ज कर स्कूल से हो जाते हैं गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक शिक्षक को विद्यालय पहुंचने पर तथा विद्यालय से प्रस्थान करते समय मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है। हालांकि विकासखंड के कुछ ग्रामीण विद्यालयों से इस व्यवस्था के दुरुपयोग की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ विद्यालयों में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सुबह विद्यालय पहुंचकर ई-अटेंडेंस दर्ज करने के बाद लंबे समय तक विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। इसके बाद विद्यालय की छुट्टी के समय दोबारा पहुंचकर शाम की ई-अटेंडेंस दर्ज कर देते हैं। यदि ऐसी शिकायतें सही हैं, तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है और ई-अटेंडेंस व्यवस्था का उद्देश्य भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि यह भी उल्लेखनीय है कि अधिकांश शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, इस प्रकार की शिकायतें सीमित संख्या में शिक्षकों से संबंधित हैं और अधिकांश शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इसलिए पूरे शिक्षक समुदाय को एक ही दृष्टि से देखना उचित नहीं होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावकों का कहना है कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में ई-अटेंडेंस व्यवस्था तभी प्रभावी मानी जाएगी, जब उसके साथ विद्यालयों का नियमित निरीक्षण और शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुगल शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि यदि कोई शिक्षक विद्यालय पहुंचकर केवल ई-अटेंडेंस दर्ज करने के बाद बिना अनुमति विद्यालय छोड़ रहा है और शाम को पुनः लौटकर उपस्थिति दर्ज कर रहा है, तो यह गंभीर मामला है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में जनपद शिक्षा केंद्र के माध्यम से सभी शिक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि किसी शिक्षक के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होती है और जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को पाठक टीवीएस एजेंसी के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजगढ़ पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल चित्तर सिंह पिता धीरज सिंह (उम्र लगभग 40 वर्ष) एवं टेक सिंह पिता गुलाब सिंह (उम्र लगभग 30 वर्ष) जबलपुर से अपने गांव धनगौर, बेलबांसा, तारखेड़ा (जिला दमोह) लौट रहे थे। इसी दौरान पाठक टीवीएस एजेंसी के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम बिना देर किए मौके पर पहुंची। टीम में मौजूद आरक्षक राजन राजपूत (602) एवं डायल-112 के पायलट ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद तेजगढ़ थाना पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाना शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश की जा रही है। समय पर पहुंची डायल-112 की टीम की तत्परता से घायलों को तत्काल उपचार मिल सका, जिसकी स्थानीय लोगों ने भी सराहना की।

# नवोदय प्रवेश की निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

कक्षा पांचवीं में पटेरा में अध्यनरत विद्यार्थी जो नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे है उनके लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया गया। उक्त कोचिंग स्व श्रीमती कमला कोठारी एवं स्व सियारानी गुप्ता की स्मृति में संचालक नीलेश गुप्ता द्वारा प्रारंभ की जा रही है। वह स्वयं नवोदय विद्यालय के छात्र रहे है। कोचिंग का शुभारम्भ ब्राम्हण समाज के तहसील अध्यक्ष शिक्षक कमलेश शर्मा, पत्रकार नरेंद्र बजाज, प्रकाश गुप्ता ने सरस्वती पूजन कर किया। इस अवसर पर कैलाश पटेल, पंकज जैन, निरन सिंह आचार्य, सुखेन्द्र पटेल, नीलेश विश्वकर्मा, अरविंद पटेल, अनिल ताम्रकार, लेखराम ताम्रकार, विनय जैन सहित शिक्षक गण विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रयास को सराहना की। आयोजक प्रकाश गुप्ता ने सभी का आभार माना। विद्यार्थी भी शामिल थे। सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# पुलिस की तत्परता से मां को मिली बच्ची

**तेंदूखेड़ा।** थाना तेंदूखेड़ा पुलिस ने थाना अंतर्गत एक महिला की शिकायत पर संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए त्वरित कार्रवाई कर बच्चे को सकुशल उसकी मां से मिलाया। पुलिस की समय पर की गई कार्रवाई से एक पारिवारिक विवाद का शांतिपूर्ण समाधान संभव हो सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक महिला ने थाना तेंदूखेड़ा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बच्ची उसके पास नहीं है। महिला ने आशंका व्यक्त की कि उसका पति बिना सूचना दिए बच्ची को अपने साथ ले गया है तथा उसे वापस नहीं कर रहा है। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि महिला का पति अपने बच्चों के साथ ग्राम नरगुंवा में अपने फूफा के घर पर रुका हुआ है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संबंधित पक्षों से पूछताछ की। समझाइश एवं आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया के बाद बच्ची को सुरक्षित पुलिस अभिरक्षा में लेकर उसकी मां के सुपुर्द किया गया। अपनी बच्ची को सकुशल पाकर महिला ने राहत व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी सरोज ठाकुर एवं तेंदूखेड़ा पुलिस का आभार जताया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की।

# चैक अनादरण के प्रकरणों की विशेष लोक अदालत संपन्न

**कुल 11 प्रकरणों में 51,67,050/- रूपये के अवार्ड पारित**

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह सुभाष सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन में आज संपूर्ण जिले में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत हेतु अध्यक्ष के द्वारा सपूर्ण जिले में कुल 06 खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिसमें पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त 1-1 सुलहकर्ता सदस्य की नियुक्ति की गई थी। आयोजित विशेष लोक अदालत में चैक अनादरण के न्यायालय में लंबित कुल 30 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर कुल 11 प्रकरण निराकृत किये गये, जिसमें कुल 51,67,050/- रूपये के अवार्ड पारित किये गये। विशेष लोक अदालत की खंडपीठ क्रमांक-01 में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार वर्मा के न्यायालय में लंबित दांडिक अपील गोपाल चौरसिया विरुद्ध वीरेन्द्र सिंह का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। यह प्रकरण व्यवसायिक लेन-देन से संबंधित था, जिसे परिवादी वीरेन्द्र सिंह के द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह के न्यायालय में 21 अगस्त 2017 को प्रस्तुत किया गया था. जिसमें पारित निर्णय के विरूद्ध सत्र न्यायालय में गोपाल चौरसिया ने दांडिक अपील 19 मार्च 2024 को प्रस्तुत की थी, प्रकरण में सुलह की संभावना को देखते हुये न्यायालय द्वारा प्रकरण विशेष लोक अदालत में रखा गया। प्रकरण में दोनों पक्षों को समझाईश दिये जाने पर पक्षकारों के मध्य राजीनामा किया गया तथा सहमति के आधार पर 14,61,250 (चौदह लाख इकसठ हजार दो सौ पचास रुपये) की राशि पर अवार्ड पारित किया गया। प्रकरण में समझौता हेतु अपीलार्थी के अधिवक्ता कमलेश भारद्वाज तथा परिवादी के अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ला का विशेष योगदान रहा। इस प्रकार विगत 09 वर्षों से लंबित प्रकरण का अंतिम निराकरण विशेष लोक अदालत के माध्यम से हुआ। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 2 के पीठासीन अधिकारी दीर्घा ऐरन के न्यायालय में वर्ष 2023 से लंबित प्रमोद तिवारी विरुद्ध दीनदयाल के चैक अनादरण के प्रकरण में भी आपसी सहमति से प्रकरण का निराकरण किया गया। प्रकरण में परिवादी के अधिवक्ता अरविंद शर्मा तथा अनावेदक के अधिवक्ता गोविंद तिवारी उपस्थित रहे। प्रकरण में 3,00,000 (तीन लाख रुपये) की राशि पर समझौता होकर अवार्ड पारित किया गया। इसी न्यायालय में वर्ष 2019 से लंबित कृष्ण सोनी विरुद्ध हरीश दुबे के प्रकरण का भी सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इस प्रकरण में परिवादी के अधिवक्ता शोनित गुप्ता तथा अनावेदक के अधिवक्ता पी.आर पटेल उपस्थित रहे। पक्षकारों के मध्य आपसी समझौता होने पर 05.00.000 (पाँच लाख रुपये) की राशि पर अवार्ड पारित किया गया। विशेष लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर समझौता किये जाने वाले पक्षकारों को पीठासीन अधिकारी के द्वारा स्मृति के रूप में फलदार पौधों का वितरण किया गया।

# टी-शर्ट टाइगर पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर, दमोह नरसिंहपुर के अधिकारियों द्वारा स्कूली शिक्षा के चित्रकला में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों हेतु टी-शर्ट टाइगर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय के सभा कक्ष में किया गया। प्रतियोगिता में दमोह शहर के 10 विद्यालयों के 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया, सभी विद्यार्थियों को एक-एक टी-शर्ट पर टाइगर अथवा कोई भी वन्य जीव की आकृति चित्रित करने हेतु कहा गया, विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकृतियों का चित्रण टी-शर्ट पर किया। चित्रों को देखकर अधिकारियों को भी विश्वास नहीं हुआ कि हमारे विद्यार्थी हुबहू इतनी आकर्षक पेंटिंग कर सकते हैं। शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, सांदीपनि विद्यालय दमोह, एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, केसोरम पांडे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी दमोह, सेंट नॉरबर्ट सीनियर सेकेंडरी दमोह, नव जागृति विद्यालय दमोह, डीपीएस दमोह एवं सरस्वती शिशु विद्यालय दमोह के प्रतिभागियों ने भाग लिया। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के वन मंडल अधिकारी रजनीश सिंह के निर्देशन पर गेम परिक्षेत्र अधिकारी सिंगौरगढ़ एम.ए. कुरैशी, वनरक्षक हेमंत कुमार सेन, विवेक रावत प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर.पी पटेल प्रतियोगिता प्रभारी मोहन राय एवं विभिन्न विद्यालयों से आए हुए मार्गदर्शी शिक्षकों ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** प्रांतीय आवाहन पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा दमोह द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को जयंत मलैया स्थानीय विधायक एवं पूर्व वित्त के माध्यम से 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अध्यक्ष, संयुक्त पेंशनर्स मोर्चा स्वामी अशोक तिवारी द्वारा एक मांग कि पेंशनर्स को राहत राशि स्वीकृत करने के लिए छत्तीसगढ़ से स्वीकृति प्राप्त करने की बाध्यता समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए शेष मांगे यथा केंद्र के समान उसी दिनांक से राहत स्वीकृत करने, न्यायालय के निर्णय अनुसार 32 माह के एरियर की राशि का 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने, हिमाचल सरकार की तरह हर 5 वर्ष में पेंशन में वृद्धि करने, विद्युत मंडल के कर्मचारियों को भी कोषालय से पेंशन देने, सभी पेंशन पुनरीक्षण समय पर करने, जिला स्तर पर पेंशन कल्याण समिति, फोरम की बैठक नियमित बुलाने, जिला



में पेंशन कार्यालय यथावत रखने आदि मांगो पर शीघ्र निर्णय लिए जाने हेतु ज्ञापन को भेजने अनुरोध किया गया। ज्ञापन सौंपते समय धन सिंह अध्यक्ष पुलिस पेंशनर्स संघ, आर के मिश्रा अध्यक्ष पेंशनर्स समाज, एम एल सरैया कार्यवाहक अध्यक्ष पेंशनर्स समाज, पी एन अहिरवार कोषाध्यक्ष पेंशनर्स समाज , नन्हे भाई पटेल तहसील अध्यक्ष पेंशनर्स समाज, विद्युत मंडल से के सी जैन एवं सुशील विद्यार्थी, एच एन श्रीवास्तव, राजकुमार सेन ,दिनेश गोस्वामी पुलिस विभाग, राम किशोर पांडे पुलिस विभाग, रोहणी गौतम आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# भैंस से टकराए बाइक सवार तीन युवक घायल, एक जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार की देर-रात करीब 11 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह मार्ग पर स्थित ठाकुर ढाबा के पास बाइक सवार तीन युवक सड़क हादसे के शिकार हो गए रिमझिम बारिश के बीच सड़क पर खड़ी भैंस से टकराने से घायल हो गए । जिन्हें डायल 112 की मदद से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से एक युवक को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है । घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार डायल 112 को नाइट पेट्रोलिंग के समय सूचना प्राप्त हुई थी की ठाकुर ढाबा के पास बाइक सवार तीन लोग घायल अवस्था में पड़े हुए हैं । जहां सूचना मिलते ही डायल 112 से आरक्षक 596 कुंवर सिंह पायलट पंकज नामदेव मौके पर पहुंचे और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों द्वारा हादसे में घायल व्यक्ति को जबलपुर रेफर किया गया है । हादसे में राकेश आठाया उम्र 40 वर्ष निवासी विनती हटा अरविंद लोधी उम्र 34 वर्ष बड़ा सागर बलराम 38 वर्ष निवासी छतरपुर का है तीन युवक मजदूर है जो बम्हौरी में सांदीपनि स्कूल की बिल्डिंग निर्माण कार्य में मजदूरी करते हैं जो कुछ काम को लेकर तेन्दूखेड़ा आए थे जहां से वापस जाते समय ठाकुर ढाबा के पास सड़क पर खड़ी भैंस से टकरा गए और घायल हो गए । इस हादसे में तीन लोग घायल हुए थे जिनमें से एक व्यक्ति को जबलपुर रेफर किया गया है अन्य दो लोगों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा में चल रहा है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही।

# पांच पेटी अवैध शराब पुलिस ने की जब्त



**तेंदूखेड़ा।** भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा संचालित नशा विरोधी जन आंदोलन के अंतर्गत गुरुवार शुक्रवार दरमियानी रात्रि लगभग 01 बजे संगठन के कार्यकर्ताओं की सतर्कता एवं सक्रिय सहयोग से अवैध शराब के परिवहन का एक मामला उजागर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलाम पिता सीताराम चढ़ार (उम्र 32 वर्ष), निवासी सोमखेड़ा द्वारा ब्लैक कलर की बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी11सीसी 9147 में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। वाहन में 4 पेटी लाल मसाला एवं 1 पेटी प्लेन, कुल 5 पेटी 250 पाव अवैध शराब लोड थी। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना के आधार पर दमोह रोड स्थित बम्हौरी वन डिपो के पास, थाना तेंदूखेड़ा क्षेत्र में पुलिस ने वाहन को रोककर जांच की। मौके पर पहुंचे प्रधान आरक्षक ब्रजेश तिवारी ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए अवैध शराब एवं वाहन को अपने कब्जे में लिया तथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की। भगवती मानव कल्याण संगठन ने क्षेत्रवासियों से नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के संबंध में सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराने की अपील की है तथा इस कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# धनसरा मुख्य मार्ग पर सीसी सड़क का अभाव

**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत मौसीपुरा के धनसरा एवं कारी मोहल्ला में अब तक सीसी सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में कच्चा और ऊबड़-खाबड़ रास्ता हादसों का कारण बन रहा है, जिससे आए दिन बाइक और ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर पहले फर्शी वाला रास्ता था, लेकिन नल-जल योजना की पाइपलाइन डालने के बाद सड़क पूरी तरह खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढे और फिसलन के कारण दोपहिया वाहन अक्सर फिसल जाते हैं। हाल ही में एक ऑटो पलट गया, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। धनसरा निवासी सुखबाई, लक्ष्मण सिंह, कल्याण सिंह, कोमल सिंह, मलखान सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से सीसी सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। वहीं कारी मोहल्ला निवासी विजय, कैलोरी सिंह, वकील सिंह, देवेंद्र और कमलेश ने बताया कि उनके मोहल्ले तक आज भी पक्की सड़क नहीं पहुंची है, जिससे लोगों को कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार धनसरा और कारी मोहल्ला की आबादी एक हजार से अधिक है, इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इस संबंध में ग्राम पंचायत मौसीपुरा के सचिव लक्ष्मण सिंह का कहना है कि सीसी सड़क स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन बारिश के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। मौसम अनुकूल होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## बेलखेड़ी गौशाला का निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने विकासखंड पटेरा स्थित बेलखेड़ी गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि गौशाला में कार्यरत कर्मचारी एवं सेवक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ गौसेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने चारा, दाना एवं अन्य व्यवस्थाओं को संतोषजनक जताते हुए कहा गौमाताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा और दाना उपलब्ध है। उन्होने गौशाला में पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए। वर्तमान में गौमाताओं को तालाब से पानी पिलाने की व्यवस्था की जा रही है, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में अनिवार्य रूप से पानी संग्रहण के लिए हौज (जल टैंक) बनाए जाएं और उनमें नियमित रूप से पानी भरकर रखा जाए, ताकि पेयजल की उपलब्धता लगातार बनी रहे।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस आज

**कुण्डलपुर ।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में विश्व वंदनीय महासमाधि धारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 59वां मुनि दीक्षा दिवस 19 जुलाई को पूज्य ऐलक एवं क्षुल्लक संघ के मंगल सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आचार्य परमेष्ठी विधान होगा। 19 जुलाई को परम पूज्य ऐलक श्री 105 चैत्यसागर जी महाराज, ऐलक श्री 105 अपारसागर जी महाराज,ऐलक श्री 105 तन्मय सागर जी महाराज,ऐलक श्री 105 आगतसागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 भास्वत सागर जी महाराज,क्षुल्लक श्री 105 स्वास्तिक सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में आचार्य परमेष्ठी विधान का भव्य आयोजन होगा।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन पिस्टल व दो देसी कट्टे जब्त

# अंतर-जिला हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 9 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले की हटा पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर-जिला गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 3 आरोपी अभी फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से 3 पिस्टल, 2 देसी कट्टे और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।



पुलिस के अनुसार अपराध क्रमांक 345/26 एवं 346/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में दमोह, जबलपुर, कटनी और पन्ना जिले के युवक शामिल हैं, जिससे यह मामला अंतर-जिला हथियार तस्करी से जुड़ा सामने आया है।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी हटा के.पी. सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में यश अहिरवार उर्फ बंदर (जबलपुर), जीवनलाल वंशकार (कटनी), निखिल साहू, अनुज चक्रवर्ती, दीपक सिंह लोधी एवं जसवंत बर्मन (दमोह), जय हिन्द यादव (पन्ना), आशीष लोधी (कटनी) तथा दिनेश यादव उर्फ राधे (दमोह) शामिल हैं। वहीं सत्यम रैकवार, उत्कर्ष साहू और अरविंद विश्वकर्मा की पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 5 अवैध हथियार, जिनमें 3 पिस्टल और 2 देसी कट्टे, तथा 9 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पूछताछ में पुलिस को हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है।

इस कार्रवाई में थाना हटा एवं थाना पटेरा की पुलिस के साथ साइबर शाखा की टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही।

पुलिस टीम एसडीओपी हटा के.पी. सिंह के मार्गदर्शन मे दो टीमे गठित की गई जिसमे से एक टीम निरीक्षक श्री सुधीर कुमार बेगी थाना प्रभारी हटा एवं दूसरी टीम का नेतृत्व उप निरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर थाना प्रभारी पटेरा द्वारा किया गया सराहनीय भूमिका सउनि मलखान सिंह चौकी बिलाई, प्रआर महेंद्र बाबू, प्रआर रूपलाल, प्रआर महेश यादव थाना पटेरा, साइबर शाखा से प्रआर सौरभ टंडन एवं प्रआर राकेश अठ्या थाना कुम्हारी से प्रआर रामकिशोर अहिरवार,प्र.आर. सूर्यकांत पाण्डेय , आर बलवंत लोधी थाना हटा से प्रआर अनिल गौतम, प्रआर कमल ठाकुर,आर अभिषेक बारोलिया,आर विजय गंधर्व,आर चालक देवेंद्र मिश्रा की महत्वपूर्ण एवं रही।

### पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर ने की कार्यवाही...

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी - कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में कई कमिया सामने आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा निरीक्षण में कई कर्मचारी विलंब से ड्यूटी पर पहुंचे, जबकि कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन कटौती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बताया गया पिछले एक वर्ष से बेडशीट उपलब्ध नहीं कराई गई है। वार्डों में कई मरीज बिना बेडशीट के ही भर्ती मिले। इस स्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए आवश्यक सामग्री की तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। कलेक्टर ने स्वच्छता व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीयन काउंटर का भी निरीक्षण किया, जहां ओपीडी पर्ची का निर्धारित ₹10 शुल्क प्रदर्शित नहीं था। उन्होंने निर्देश दिए कि शुल्क सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा में पाया गया कि अस्पताल में शासन के मानकों के अनुसार लगभग 350 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होना आवश्यक है, जबकि वर्तमान में केवल करीब 250 प्रकार की दवाइयां ही उपलब्ध हैं। लगभग 100 प्रकार की आवश्यक दवाइयों के अभाव में मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। कलेक्टर श्री यादव ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक दवाइयों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को उपचार के लिए बाहर से दवाइयां खरीदने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कमियों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

## सात कर्मचारियों को कारण बताओ आरोप पत्र जारी, पांच का एक दिन का वेतन राजसात

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज जिले के विकासखण्ड पटेरा के औचक निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा का जायजा लिया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के 07 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर श्री यादव ने इन कर्मचारियों को अपने पदीय दायित्वो के निर्वाहन में निरंतर लापरवाही बरते जाने पर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिये। निर्देशों का पालन करते हुये मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने मलेरिया निरीक्षक रवि कुमार नेमा, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (एनएचएम) रमाशंकर प्रजापति, कम्प्यूटर ऑपरेटर नीलिमा प्रसाद, एसटीएस प्रदीप राही, नर्सिग ऑफीसर लक्ष्मी विश्वकर्मा, बीएएम अनूप रोहित तथा वार्ड बाय अतुल चौधरी को 02 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कारण बताओ आरोप पत्र जारी किया है। इसी प्रकार मलेरिया निरीक्षक रवि कुमार नेमा, एसटीएस प्रदीप राही, नीलिमा प्रसाद, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (एनएचएम) रमाशंकर प्रजापति तथा वार्ड बाय अतुल चौधरी के वेतन से 01 दिवस का वेतन राजसात करने के निर्देश भी दिये।

## नीट में चमका जबेरा का सितारा: दीपक राय ने 522 अंक हासिल कर बढ़ाया मान



**जबेरा।** जबेरा नगर के प्रतिभावान छात्र दीपक राय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) में शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। दीपक ने 720 में से 522 अंक अर्जित करते हुए 96.79 परसेंटाइल प्राप्त की और अखिल भारतीय स्तर पर 65,663वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ ही उनका मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश का मार्ग लगभग सुनिश्चित हो गया है। दीपक राय, जबेरा निवासी सुशील कुमार राय एवं अनुसूया राय के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह सफलता हासिल की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उनका यह प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गया है। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, जबेरा नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया, वहीं स्थानीय लोगों ने दीपक के घर पहुंचकर उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। दीपक की इस उपलब्धि को क्षेत्र में एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि माना जा रहा है, जिसने यह साबित कर दिया कि छोटे नगरों के छात्र भी बड़े सपनों को साकार कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने ऑगनबाड़ी, स्कूल सहित अन्य संस्थानों का लिया जायजा

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव प्रातः 10 बजे से अपने आकस्मिक भ्रमण अभियान के तहत पटेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आकस्मिक रूप से पहुँचकर स्कूल, आंगनवाड़ी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर ओर बेलखेड़ी गौशाला पहुँचकर जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गयें। इस दौरान पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 07 अुनपस्थित कर्मचारियों तथा महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक तथा पटेरा के कृषि विभाग के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने तथा बमनपुरा स्व-सहायता समूह के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गये। कलेक्टर श्री यादव प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बमनपुरा पहुँचे। उन्होंने यहां छात्रों से चर्चा की, प्रश्न किए जिसका कि छात्रों ने तत्काल जबाव दिए। कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसी तरह अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। बमनपुरा में ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुँचे। यहां पर सीएचओ एवं एएनएम उपस्थित पाए गए। मरीजों आदि की जानकारी ली गई। साफ-सफाई के सबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। ग्राम बमनपुरा में किसानों से चर्चा की गई, यहां पर बीज वितरण के सबंध में किसानों ने अपनी समस्याए एवं बात रखी, कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को बीज वितरण सभी पात्र किसानों को करने के निर्देश देते हुए लापरवाही के सबंध में क्षेत्रीय कृषि अधिकारी के विरूद्ध कारण बताओं के नोटिस देने के निर्देश दिए। यहां पर कलेक्टर श्री यादव ने आगनबांड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान 27 में से 02 बच्चे मौजूद मिले। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सुपरवाईजर के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पालार्जुनी में प्राथमिक शाला पहुँचकर छात्रों से चर्चा की, छात्रों को पुस्तक पढ़ने को दिया गया, कुछ बच्चे पढ़ नहीं पाए, शिक्षक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान कलेक्टर ग्राम बिलगुवा पहुँचे। प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया गया। साथ ही बन रहे मध्यान्ह भोजन का जायजा लिया, समूह की अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें उचित मूल्य दूकान से पर्याप्त मात्रा में राशन नहीं मिल रहा हैं, जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देश जाँच कर प्रतिवेदन दे। यहां पर आगंनबाड़ी केन्द्र में निरीक्षण के दौरान 12 बच्चे उपस्थित थे बच्चों ने भोजन किया था परंतु भोजन का सैम्पल नहीं रखा गया, इस सबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## वृक्षारोपण कर लिया पौधे लगाने का संकल्प लिया

**दमोह।** जैन मिलन महिला नेमीनगर शाखा दमोह क्षेत्र क्रमांक 10 की मासिक बैठक श्रीमती वीरांगना सीमा जैन बटियागढ़ के निज निवास पर संपन्न हुई। शाखा के सभी सदस्यों ने मिलकर वृक्षारोपण का कार्यक्रम शुक्रवार 17 जुलाई को सम्पन्न किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हमारी क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना रश्मि जैन, शाखा अध्यक्ष वीरांगना डाली जैन, मंत्री वीरांगना दिशा जैन, कोषाध्यक्ष वीरांगना भावना जैन, प्रचार प्रसार मंत्री वीरांगना बृजेश जैन, सीमा जैन बटियागढ़ सीमा जैन बाबा सीमा जैन दिगंबर रोशनी जैन चंद्रप्रभा जैन, सविता जैन संध्या जैन डाली जैन प्रिंसी जैन सुधा जैन राखी जैन ज्योति जैन सहित शाखा के सदस्य उपस्थित रहे।



### संवेदनशील इलाकों में संदिग्धों की सघन तलाशी

# बाईक पर निकले एसपी: शहर में आधी रात को पुलिस ने की गश्त

**दमोह।** शहर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधों पर लगाम कसने के उद्देश्य से बीती रात पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री आनंद कलादगि (IPS) खुद सड़क पर उतरे। उन्होंने पुलिस बल के साथ मोटरसाइकिल से शहर के विभिन्न संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी ली गई और आम जनता को शांति बनाए रखने की समझाइश दी गई।



जानकारी के अनुसार, अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे इस विशेष रात्रिकालीन अभियान में एसपी श्री कलादगि के साथ नगर पुलिस अधीक्षक (CSP) दमोह, यातायात प्रभारी, थाना प्रभारी दमोह देहात, बल प्रभारी कोतवाली, उप निरीक्षक नीतेश जैन सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने शहर में पैदल और मोटरसाइकिल दोनों माध्यमों से गश्त की।

संवेदनशील इलाकों पर रही खास नजर भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन, जटाशंकर पहाड़ी, तहसील ग्राउंड, शहर के प्रमुख चौराहों और असामाजिक तत्वों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान वहां मौजूद कई संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनकी सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) ली गई। पुलिस ने मौके पर ही उनकी पहचान और गतिविधियों का सत्यापन किया तथा आवश्यक पूछताछ कर कड़ी हिदायत दी।

जनता से सीधा संवाद, बेवजह न घूमने की हिदायत गश्त के दौरान एसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों, देर रात तक खुली दुकानों के संचालकों और राहगीरों से भी सीधा संवाद किया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इसके साथ ही, कानून और यातायात नियमों का पालन करने तथा शहर में शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रात्रि के समय सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित न की जाए और लोग सतर्क रहें।

## शराब के नशे में भाई ने छोटे भाई पर किया कुल्हाड़ी से हमला

**तेंदूखेड़ा।** शराब पीने से मना करने पर एक युवक ने अपने छोटे भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामला थाना तेंदूखेड़ा अंतर्गत ग्राम बंधना सेलवाडा का है। यहां रहने वाले प्रमोद पिता नरबद गौड़ उम्र 24 वर्ष ने शनिवार शाम 18 जुलाई 2026 को करीब 5 बजे अपने पिता नरबद गौड़ और बहिन सुशीला गौड़ के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी प्रमोद ने बताया कि वह खेती-किसानी करता है। उसका बड़ा भाई सुरेन्द्र गौड़ शराब का आदी है और आए दिन नशे में घर आकर परिवार के साथ मारपीट और गाली-गलौज करता है। घटना वाले दिन प्रमोद घर के बाहर आंगन में खड़ा था। तभी आरोपी सुरेन्द्र शराब के नशे में वहां पहुंचा। जब प्रमोद ने उसे शराब पीने से मना किया तो वह भड़क गया। पहले उसने गंदी-गंदी गालियां दीं और फिर पास में रखी कुल्हाड़ी उठाकर प्रमोद के सिर पर वार कर दिया। हमले से प्रमोद के सिर की चमड़ी कट गई और खून बहने लगा। शोर सुनकर प्रमोद के बहनोई जांगेश्वर गौड़ और बहिन सुशीला गौड़ मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोपी जाते-जाते प्रमोद को जान से मारने की धमकी भी देकर गया। पुलिस ने ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी सुरेन्द्र गौड़ के खिलाफ बी एन एस की धारा 296(b), 115(2), 118(1), 351(2)के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घायल प्रमोद का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में कराया गया है।

# हीरा सिंह लोधी बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन में प्रदेश सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पतलोनी के कांग्रेस के सक्रिय, कर्मठ एवं लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हीरा सिंह लोधी को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी एवं महासचिव डॉ. संजय कामले तथा महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान की सहमति से की गई। इस नियुक्ति की खबर सामने आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन में निष्ठावान कार्यकर्ताओं के सम्मान के रूप में बताते हुए हीरा सिंह लोधी को शुभकामनाएं दीं।

नियुक्ति के बाद हीरा सिंह लोधी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव तक कांग्रेस संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।



इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनु मिश्रा, रतन चंद्र जैन, उपाध्यक्ष परम सिंह यादव, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, तेंदूखेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निलेश यादव, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना सिंगाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ यादव, कैलाश सेठ, विनोद सिंगाई, पंचम सिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र व्यास, गांधी सिंह, खमरिया मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह लोधी,मकुदी सिंह पटेल, पूर्व सरपंच उदेत प्रसाद, मंडल अध्यक्ष महेश प्रसाद अहिरवार, कुटाई वंशकार, मनी झरिया सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हीरा सिंह लोधी को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि हीरा सिंह लोधी के नेतृत्व और सक्रियता से संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों में नई मजबूती मिलेगी तथा कांग्रेस की जनसंपर्क गतिविधियों को और गति प्राप्त होगी।

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

**जबेरा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में 'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' के अवसर पर छात्राओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला के माध्यम से बाघ संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा और घटते जंगलों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बालिकाओं ने चार्ट पेपर पर रंगों के जरिए जागरूकता से जुड़ी सुंदर एवं भावनात्मक चित्रकृतियां बनाईं। इन चित्रों में प्रकृति संरक्षण और बाघों के महत्व को दर्शाया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य जी.पी. झारिया ने शिक्षक स्टाफ के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी से पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका नीलिमा तिवारी, शिक्षक चित्तर सिंह, भानु प्रताप सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### तारादेही मार्ग पर स्पीड ब्रेकर के पास गहरा गड्ढा बना दुर्घटनाओं का कारण, राहगीर परेशान

# गिट्टी और सुखी रेत से भर दिए गड्ढे, बारिश में बह गई रेत से पुन: परेशानी

**झलौन।** तारादेही– मार्ग पर स्थित डॉ. निहार रंजन एवं कालू जैन के प्रतिष्ठान के सामने बने स्पीड ब्रेकर के किनारे गहरा गड्ढा लंबे समय से राहगीरों के लिए परेशानी और दुर्घटना का कारण बना हुआ है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया एवं भारी वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क की क्षतिग्रस्त स्थिति के कारण वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्पीड ब्रेकर के पास बने गड्ढे में कई बार वाहन असंतुलित होकर गिर चुके हैं। वहीं, सड़क के दोनों ओर दुकानें होने के कारण बारिश के दौरान गड्ढे में भरे पानी और कीचड़ के छींटे दुकानदारों तथा ग्राहकों पर उछलते हैं, जिससे उन्हें भी भारी असुविधा होती है। बताया जाता है कि कुछ



समय पूर्व इस समस्या को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद संबंधित एजेंसी के कर्मचारियों ने मार्ग के एक अन्य बड़े गड्ढे की मरम्मत कराई थी। उस दौरान कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया था कि सड़क की मरम्मत टिकाऊ तरीके से की जाएगी। हालांकि स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मरम्मत कार्य में पहले डामर, फिर गिट्टी और उसके बाद सूखी रेत डालकर कार्य पूरा कर दिया गया, जबकि ऊपर से डस्ट की परत नहीं बिछाई गई। परिणामस्वरूप पहली ही बारिश में मरम्मत की गई सतह उखड़ गई और गड्ढा फिर से बन गया। यह मार्ग इन दिनों और भी अधिक व्यस्त हो गया है, क्योंकि झापन घाट पुल बंद होने के कारण दमोह, सागर तथा आसपास के क्षेत्रों की ओर जाने वाले सैकड़ों वाहन इसी मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। पूरा, हरदुआ, तेजगढ़, इमलिया, सोमखेड़ा, लकलका, झापन, मुहली, क्षिरारी, रहली सहित अनेक गांवों के लोगों को लगभग 26 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसे में इस मार्ग की खराब स्थिति वाहन चालकों के लिए परेशानी और दुर्घटना का खतरा बढ़ा रही है। स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों ने लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित एजेंसी से मांग की है कि स्पीड ब्रेकर के पास बने गड्ढे की स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत शीघ्र कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे और आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।